# भारत सरकार का सार्वजनिक उपक्रम नेपा लिमिटेड में साइबर सुरक्षा और स्वच्छता पर इंटरएक्टिव सत्र-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित...





**बुरहानपुर/नेपानगर (राजेश जाधव, आर्ट इंडिया न्यूज)।** भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम नेपा लिमिटेड में सीएमडी कमोडोर सौरभ देब के मार्गदर्शन में साइबर सुरक्षा और स्वच्छता विषय पर एक इंटरैक्टिव सत्र-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पचास से अधिक कर्मचारी-अधिकारियों ने भाग लिया।

अपने स्वागत संबोधन में मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार (आईआरएस ) द्वारा वर्तमान डिजिटल युग में बढ़ते साइबर हमलों के प्रति संवेदनशीलता एवं लगातार जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय मानव संसाधन विकास अकादमी (एनएएचआरडी), नई दिल्ली से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के एक्जीक्यूटिव मोहम्मद एलियास सिद्दीकी ने साइबर सुरक्षा को लेकर कई बिंदुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी जिसमें साइबर हाइजीन यानी साइबर सुरक्षा के लिए जरूरी सावधानी एवम सुरक्षा उपाय साइबर बताए। उन्होंने मोबाइल सिक्योरिटी, ईमेल सिक्योरिटी , ऑनलाइन शॉपिंग, सेफ बैंकिंग, सोशल मीडिया क्राइम, ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से होने वाली ठगी से बचने के तरीके सिखाए। वहीं हैकिंग , एथिकल हैकिंग में अंतर ,पासवर्ड क्रैकिंग , फिशिंग , आदि से किस तरह बचें एवम साइबर अपराध होने पर शिकायत हेतु मार्गदर्शन भी दिया। इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों, जैसे - वर्तमान साइबर सुरक्षा की आशंका तथा उनके खिलाफ सुरक्षा के लिए रणनीति, हैकर्स द्वारा उपयोग की जाने वाली वर्तमान आक्रमण योजना, मैलवेयर, पासवर्ड हमले, ई-मेल स्पूफिंग, सरकारी विभागों में साइबर सुरक्षा ऑडिट में महत्वपूर्ण खोज, क्रेडिट/ डेबिट कार्ड तथा सुरक्षा युक्तियाँ, डंपस्टर डाइविंग एवं सावधानियाँ तथा साइबर सुरक्षा के छह स्तंभों पर भी चर्चा की गई।साथ ही विस्तृत रूप से क्रेडिट कार्ड और वित्तीय धोखाधड़ी के विभिन्न पहलुओं तथा ढांचे के भीतर पीड़ितों के लिए उपलब्ध सहायता पर चर्चा परिचर्चा भी की गई। प्रशिक्षण सत्र में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार झंझडीवाल, प्रबंधक सतर्कता अरविंद त्यागी, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, विभागाध्यक्ष आईटी विजय भामरे, देवेंद्र महोबे, निलेश पाटिल, दिनेश सोवले, मुकेश चौहान, आभा महतो, अनिल अहिरे, डॉक्टर यशवंत पाटिल, सुनील राव, सौरभ रघुवंशी, सपना दुबे, माधुरी धामन्देकर, अदिति करोसिया आदि मौजूद थे।

# नेपा लिमिटेड में साइबर सुरक्षा और स्वच्छता पर इंटरएक्टिव सत्र-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**नेपानगर ■ ध्रुव वाणी ।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में सीएमडी कमोडोर सौरभ देब के मार्गदर्शन में साइबर सुरक्षा और स्वच्छता विषय पर एक इंटरैक्टिव सत्र–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पचास से अधिक कर्मचारी–अधिकारियों ने भाग लिया। अपने स्वागत संबोधन में मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार ( आईआरएस ) द्वारा वर्तमान डिजिटल युग में बढ़ते साइबर हमलों के प्रति संवेदनशीलता एवं लगातार जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय मानव संसाधन विकास अकादमी ( एनएएचआरडी ), नई दिल्ली से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के एक्जीक्यूटिव मोहम्मद इलियास सिद्दीकी ने साइबर सुरक्षा को लेकर कई बिंदुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी जिसमें साइबर हाइजीन यानी साइबर सुरक्षा के लिए जरूरी सावधानी एवम सुरक्षा उपाय साइबर बताए। उन्होंने मोबाइल सिक्योरिटी, ईमेल सिक्योरिटी, ऑनलाइन शॉपिंग, सेफ बैंकिंग, सोशल मीडिया क्राइम, ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से होने वाली ठगी से बचने के तरीके सिखाए। वहीं हैकिंग , एथिकल हैकिंग में अंतर ,पासवर्ड क्रैकिंग , फिशिंग , आदि से किस तरह बचें एवम साइबर अपराध होने पर शिकायत हेतु मार्गदर्शन भी दिया। इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों, जैसे – वर्तमान साइबर सुरक्षा की आशंका तथा उनके खिलाफ सुरक्षा के लिए रणनीति, हैकर्स द्वारा उपयोग की जाने वाली वर्तमान आक्रमण योजना, मैलवेयर, पासवर्ड हमले, ई–मेल स्पूफिंग, सरकारी विभागों में साइबर सुरक्षा ऑडिट में महत्वपूर्ण खोज, क्रेडिट/ डेबिट कार्ड तथा सुरक्षा युक्तियाँ, डंपस्टर डाइविंग एवं सावधानियाँ तथा साइबर सुरक्षा के छह स्तंभों पर भी चर्चा की गई।साथ ही विस्तृत रूप से क्रेडिट कार्ड और वित्तीय धोखाधड़ी के विभिन्न पहलुओं तथा ढांचे के भीतर पीड़ितों के लिए उपलब्ध सहायता पर चर्चा परिचर्चा भी की गई। प्रशिक्षण सत्र में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार झंझडीवाल, प्रबंधक सतर्कता अरविंद त्यागी, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, विभागाध्यक्ष आईटी विजय भामरे, देवेंद्र महोबे, निलेश पाटिल, दिनेश सोवले, मुकेश चौहान, आभा महतो, अनिल अहिरे, डॉक्टर यशवंत पाटिल, सुनील राव, सौरभ रघुवंशी, सपना दुबे, माधुरी धामन्देकर, अदिति करोसिया आदि मौजूद थे।

# नेपा लिमिटेड में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




**नेपानगर ( निमाड़ की धड़कन, रविंद्र इंगले )** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में सीएमडी कमोडोर सौरभ देब के मार्गदर्शन में साइबर सुरक्षा और स्वच्छता विषय पर एक इंटरैक्टिव सत्र–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पचास से अधिक कर्मचारी–अधिकारियों ने भाग लिया।

अपने स्वागत संबोधन में मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार (आईआरएस ) द्वारा वर्तमान डिजिटल युग में बढ़ते साइबर हमलों के प्रति संवेदनशीलता एवं लगातार जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने जानकारी देते हुए बताया कि

राष्ट्रीय मानव संसाधन विकास अकादमी (एनएएचआरडी), नई दिल्ली से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के एक्जीक्यूटिव मोहम्मद इलियास सिद्दीकी ने साइबर सुरक्षा को लेकर कई बिंदुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी जिसमें साइबर हाइजीन यानी साइबर सुरक्षा के लिए जरूरी सावधानी एवम सुरक्षा उपाय साइबर बताए। उन्होंने मोबाइल सिक्योरिटी, ईमेल सिक्योरिटी , ऑनलाइन शॉपिंग, सेफ बैंकिंग, सोशल मीडिया क्राइम, ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से होने वाली ठगी से बचने के तरीके सिखाए। वहीं हैकिंग , एथिकल हैकिंग में अंतर ,पासवर्ड क्रैकिंग , फिशिंग , आदि से किस तरह बचें एवम साइबर अपराध होने पर शिकायत हेतु मार्गदर्शन भी दिया। इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों, जैसे – वर्तमान साइबर सुरक्षा की आशंका तथा उनके खिलाफ सुरक्षा के लिए रणनीति, हैकर्स द्वारा उपयोग की जाने वाली वर्तमान आक्रमण योजना, मैलवेयर, पासवर्ड हमले, ई–मेल स्पूफिंग, सरकारी विभागों में साइबर सुरक्षा ऑडिट में महत्वपूर्ण खोज, क्रेडिट/ डेबिट कार्ड तथा सुरक्षा युक्तियाँ, डंपस्टर डाइविंग एवं सावधानियाँ तथा साइबर सुरक्षा के छह स्तंभों पर भी चर्चा की गई।साथ ही विस्तृत रूप से क्रेडिट कार्ड और वित्तीय धोखाधड़ी के विभिन्न पहलुओं तथा ढांचे के भीतर पीड़ितों के लिए उपलब्ध सहायता पर चर्चा परिचर्चा भी की गई। प्रशिक्षण सत्र में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार झंझडीवाल, प्रबंधक सतर्कता अरविंद त्यागी, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, विभागाध्यक्ष आईटी विजय भामरे, देवेंद्र महोबे, निलेश पाटिल, दिनेश सोवले, मुकेश चौहान, आभा महतो, अनिल अहिरे, डॉक्टर यशवंत पाटिल, सुनील राव, सौरभ रघुवंशी, सपना दुबे, माधुरी धामन्देकर, अदिति करोसिया आदि मौजूद थे।

दैनिक भास्कर बुरहानपुर 25-11-2023

नेपा लिमिटेड • साइबर सुरक्षा और स्वच्छता पर इंटरेक्टिव सत्र सह प्रशिक्षण हुआ, 50 से ज्यादा अफसर व कर्मचारी हुए शामिल

# अफसर-कर्मियों को साइबर सुरक्षा व स्वच्छता का दिया प्रशिक्षण

## साइबर सुरक्षा को लेकर कई बिंदुओं पर जानकारी दी

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में सीएमडी कमोडोर सौरभ देव के मार्गदर्शन में साइबर सुरक्षा और स्वच्छता विषय पर एक इंटरेक्टिव सत्र सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें 50 से अधिक कर्मचारी, अधिकारियों ने हिस्सा लिया।



मिल के अफसर, कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया।

मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार आईआरएस द्वारा वर्तमान डिजिटल युग में बढ़ते साइबर हमलों के प्रति संवेदनशीलता, लगातार जागरुकता के महत्व बताया। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने जानकारी देते हुए बताया राष्ट्रीय मानव संसाधन विकास अकादमी एनएएचआरडी नई दिल्ली से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे सूचना व प्रौद्योगिकी विभाग के एक्जीक्यूटिव मोहम्मद इलियास सिद्दीकी ने साइबर सुरक्षा को लेकर कई बिंदुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसमें साइबर हाइजीन यानी साइबर सुरक्षा के लिए जरूरी सावधानी, सुरक्षा उपाय साइबर बताए। उन्होंने मोबाइल सिक्योरिटी, ईमेल सिक्योरिटी, ऑनलाइन शॉपिंग, सेफ बैंकिंग, सोशल मीडिया क्राइम, ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से होने वाली ठगी से बचने के तरीके सिखाए। वहीं हैकिंग, एथिकल हैकिंग में अंतर, पासवर्ड क्रैकिंग, फिशिंग आदि से किस तरह बचें, साइबर अपराध होने पर शिकायत के लिए मार्गदर्शन भी दिया।

## प्रशिक्षण में यह भी हुआ

इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों, जैसे वर्तमान साइबर सुरक्षा की आशंका तथा उनके खिलाफ सुरक्षा के लिए रणनीति, हैकर्स द्वारा उपयोग की जाने वाली वर्तमान आक्रमण योजना, मैलवेयर, पासवर्ड हमले, ई मेल स्पूफिंग, सरकारी विभागों में साइबर सुरक्षा ऑडिट में महत्वपूर्ण खोज, क्रेडिट, डेबिट कार्ड व सुरक्षा युक्तियां, डंपस्टर डाइविंग व सावधानियां तथा साइबर सुरक्षा के छह स्तंभों पर भी चर्चा की गई। साथ ही विस्तृत रूप से क्रेडिट कार्ड और वित्तीय धोखाधड़ी के विभिन्न पहलुओं तथा ढांचे के भीतर पीड़ितों के लिए उपलब्ध सहायता पर चर्चा परिचर्चा भी की गई। प्रशिक्षण सत्र में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझडीवाल, प्रबंधक सतर्कता अरविंद त्यागी, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, विभागाध्यक्ष आईटी विजय भामरे, देवेंद्र महोबे, निलेश पाटिल, दिनेश सोवले, मुकेश चौहान, आभा महतो, अनिल अहिरे, डॉ. यशवंत पाटिल, सुनील राव, सौरभ रघुवंशी, सपना दुबे, माधुरी धामंदेकर, अदिति करोसिया मौजूद थे।

कहा कि अनेक सरकारों ने जो पुरानी साधुसिंह ने व्यक्त किया।

नेपा लिमिटेड

नेपा लिमिटेड में साइबर सुरक्षा और स्वच्छता पर इंटरएक्टिव सत्र सह प्रशिक्षण

# ऑनलाइन और ऑफलाइन ठगी से बचने के सिखाए गुर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



नेपा मिल में दिया प्रशिक्षण।

**नेपानगर.** नेपा लिमिटेड में सीएमडी कमोडोर सौरभ देव के मार्गदर्शन में साइबर सुरक्षा और स्वच्छता विषय पर एक इंटरैक्टिव सत्र सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें करीब 50 से अधिक कर्मचारी, अधिकारियों ने भाग लिया।

मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार आइआरएस ने वर्तमान डिजिटल युग में बढ़ते साइबर हमलों के प्रति संवेदनशीलता, लगातार जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया राष्ट्रीय मानव संसाधन विकास अकादमी एनएएचआरडी नई दिल्ली से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे सूचना व प्रौद्योगिकी विभाग के एक्जीक्यूटिव मोहम्मद इलियास सिद्दीकी ने साइबर सुरक्षा को लेकर कई बिंदुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसमें साइबर हाइजीन यानी साइबर सुरक्षा के लिए जरूरी सावधानी, सुरक्षा उपाय बताए। उन्होंने मोबाइल सिक्योरिटी, ईमेल सिक्योरिटी, ऑनलाइन शॉपिंग, सेफ बैंकिंग, सोशल मीडिया क्राइम, ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से होने वाली ठगी से बचने के तरीके सिखाए। वहीं हैकिंग, एथिकल हैकिंग में अंतर, पासवर्ड ट्रैकिंग, फिशिंग आदि से किस तरह बचें, साइबर अपराध होने पर शिकायत के लिए मार्गदर्शन भी दिया। प्रशिक्षण सत्र में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझडीवाल, प्रबंधक सतर्कता अरविंद त्यागी, प्रबंधक पॉवर हाउस महेंद्र केसरी, विभागाध्यक्ष आइटी विजय भामरे, देवेंद्र महोबे, निलेश पाटिल, दिनेश सोवले, मुकेश चौहान, आभा महतो, अनिल अहिरे, डॉ.यशवंत पाटिल, सुनील राव, सौरभ रघुवंशी, सपना दुबे, माधुरी धामन्देकर, अदिति करोसिया आदि मौजूद थे।

## प्रशिक्षण में यह भी हुआ

इस प्रशिक्षण में हत्वपूर्ण विषयों, जैसे वर्तमान साइबर सुरक्षा की आशंका तथा उनके खिलाफ सुरक्षा के लिए रणनीति, हैकर्स द्वारा उपयोग की जाने वाली वर्तमान आक्रमण योजना, मैलवेयर, पासवर्ड हमले, ई मेल स्पूफिंग, साइबर सुरक्षा ऑडिट में महत्वपूर्ण खोज, क्रेडिट, डेबिट कार्ड तथा सुरक्षा युक्तियां, डंपस्टर डाइविंग व सावधानियां व साइबर सुरक्षा के छह स्तंभों पर भी चर्चा की गई। साथ ही क्रेडिट कार्ड और वित्तीय धोखाधड़ी के पहलुओं व पीड़ितों के लिए उपलब्ध सहायता पर चर्चा परिचर्चा भी की गई।

नेपा लिमिटेड के अधिकारी और कर्मचारियों को प्रशिक्षण कार्यशाला में किया गया जागरूक

# बताए साइबर अपराधों से सुरक्षा के उपाय

नईदुनिया संजय चौहान 9406689018

नेपानगर ( नईदुनिया न्यूज )। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड में शुक्रवार को साइबर सुरक्षा और स्वच्छता विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर अधिकारियों व कर्मचारियों को साइबर हमलों से बचने के उपाय बताए गए। मिल के सीएमडी सौरभ देब के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में पचास से अधिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार ने वर्तमान डिजिटल युग में बढ़ते साइबर हमलों के प्रति संवेदनशीलता व लगातार जागरूकता की बात कही।

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया कि मानव संसाधन विकास अकादमी नई दिल्ली से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मोहम्मद इलियास सिद्दीकी ने साइबर सुरक्षा को लेकर कई बिंदुओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी है। उन्होंने मोबाइल सिक्योरिटी, ई-मेल सिक्योरिटी, आनलाइन शापिंग, सेफ बैंकिंग, सोशल मीडिया क्राइम, आनलाइन और आफलाइन माध्यम से होने वाली ठगी से बचने के तरीके सिखाए। हैकिंग, एथिकल हैकिंग में अंतर बताया, पासवर्ड क्रैकिंग, फिशिंग आदि से किस तरह बचें और साइबर अपराध होने पर शिकायत संबंधी मार्गदर्शन दिया। पीड़ितों के लिए उपलब्ध सहायता पर चर्चा भी की गई। प्रशिक्षण सत्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अनिल कुमार झंझडीवाल, प्रबंधक सतर्कता अरविंद त्यागी, प्रबंधक पावर हाउस महेंद्र केसरी, विभागाध्यक्ष आईटी विजय भामरे, देवेंद्र महोबे, निलेश पाटिल, दिनेश सोवले, मुकेश चौहान आदि मौजूद थे।



साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल नेपा मिल के अधिकारी-कर्मचारी। • नईदुनिया